# 8 संभाग व जिला प्रशासन व्यवस्था

1. राज्य का सर्वोच्च पुलिस अधिकारी होता है–
(1) डीजीपी (पुलिस महानिदेशक)
(2) मुख्य सचिव
(3) एसपी (पुलिस अधीक्षक)
(4) डीआईजी (पुलिस महानिरीक्षक) (1)

2. जिला प्रशासन में एक तहसीलदार का प्रधान कार्य होता है?
(1) गरीबों को ऋण वितरित करना
(2) जनगणना का संचालन
(3) भू–राजस्व प्रशासन
(4) राशन वितरण पर नियंत्रण रखना (3)

3. निम्न में से किसने 'जिलाधीश' को 'संस्थागत करिश्मा' कहा था?
(1) पी.आर. दुभाषी (2) टी.एन. चतुर्वेदी
(3) जे.डी. शुक्ला (4) रजनी कोठारी (4)

4. उपखण्ड अधिकारी का निम्न में से कौनसा दायित्व नहीं है?
(1) उपखण्ड के कृषि उत्पादन का आंकलन करना।
(2) जिला प्रशासन को दिशा–निर्देश देना।
(3) भू–राजस्व वसूली के संबंध में निर्देश प्रदान करना।
(4) सरकारी भूमि पर अतिक्रमण रोकना। (2)

5. भारत में पहली बार जिला कलेक्टर का पद कब व किसने सृजित किया?
(1) 1772, वारेन हेस्टिंग्स (2) 1774, लॉर्ड हेस्टिंग्स
(3) 1882, लॉर्ड रिपन (4) 1798, लॉर्ड वेलेजली (1)

**व्याख्या–** वारेन हेस्टिंग्स के कार्यकाल में भारत में पहली बार 1772 ई. में 'कलेक्टर' का पद सृजित किया गया, जिसे 1773 में समाप्त कर दिया। इस पद को 1781 ई. में पुनः सृजित किया गया।

6. निम्न में से कौनसा कथन असत्य है?
(1) पुलिस राज्य सूची का विषय है। पुलिस गृह विभाग के अधीन है।
(2) पुलिस विभाग का राजनैतिक प्रमुख 'गृह मंत्री' तथा प्रशासनिक प्रमुख 'गृह सचिव' होता है।
(3) राजस्थान पुलिस के प्रथम महानिरीक्षक आर. बनर्जी थे।
(4) राजस्थान पुलिस का गठन 1947 में किया गया। (4)

**व्याख्या–** राजस्थान पुलिस का गठन अप्रैल 1949 में किया गया। राजस्थान के प्रथम पुलिस महानिरीक्षक आर. बनर्जी ने 7 अप्रैल, 1949 को कार्यभार ग्रहण किया। राजस्थान पुलिस का मुख्यालय जयपुर में है।

7. निम्न में से कौन जिले का सर्वोच्च पुलिस अधिकारी होता है?
(1) पुलिस महानिरीक्षक (2) पुलिस अधीक्षक
(3) पुलिस महानिदेशक (4) पुलिस निरीक्षक (2)

8. पुलिस प्रशासन की दृष्टि से राजस्थान को कितनी रेंज में बांटा गया है?
(1) चार (2) पाँच
(3) सात (4) ग्यारह (4)

**व्याख्या–** राजस्थान में पुलिस रेंज की संख्या (GRP सहित) 11 है। इसके अलावा राजस्थान के दो शहरों (जयपुर व जोधपुर) में पुलिस कमिश्नरेट प्रणाली लागू है।

9. निम्नलिखित में से कौनसा एक कथन सही नहीं है?
(1) भारत के संविधान के अनुच्छेद 233 में 'जिला' शब्द का उल्लेख किया गया है।
(2) जिले में, जिला कलेक्टर मुख्य 'प्रोटोकॉल अधिकारी' का कार्य करता है।
(3) संसदीय चुनाव में जिला कलेक्टर जिले का मुख्य निर्वाचन अधिकारी होता है।
(4) सन् 1772 में, वारेन हैस्टिंग्स के काल में पहली बार कलेक्टर पद का सृजन किया गया था। (3)

**व्याख्या–** संसदीय चुनाव में जिला कलेक्टर जिले का केवल निर्वाचन अधिकारी होता है।

10. राज्य प्रशासन में जिलाधीश का प्रथम उच्च अधिकारी होता है?
(1) गृह आयुक्त (2) मुख्य सचिव
(3) संभागीय आयुक्त (4) कार्मिक सचिव (3)

**व्याख्या–** संभागीय आयुक्त भारतीय प्रशासनिक सेवा (IAS) का वरिष्ठ अधिकारी होता है। जिला कलेक्टर संभागीय आयुक्त के निर्देशन में ही कार्य करता है।

11. निम्नांकित में से कौनसे कर्त्तव्यों का निर्वहन जिला कलेक्टर द्वारा किया जाता है?
(i) भू–अभिलेख तैयार करना
(ii) भू–राजस्व की वसूली
(iii) सरकारी भूमि का उचित प्रबंधन
(1) (i) और (ii) (2) (i) और (iii)
(3) (ii) और (iii) (4) (i), (ii) और (iii) (4)

12. जिला दण्डनायक के रूप में जिला कलेक्टर की शक्तियाँ हैं–
(i) पुलिस पर नियंत्रण रखना।
(ii) विदेशियों के पारपत्रों की जाँच करना।
(iii) कानून व व्यवस्था बनाए रखना
(iv) भू–राजस्व एकत्र करना।
(1) (ii), (iii) और (iv) (2) (i), (ii) और (iii)
(3) (i), (ii) और (iv) (4) (i), (iii) और (iv) (2)

13. सम्पूर्ण राजस्थान को कितनी पुलिस जिलों में बांटा गया है?
(1) 33 (2) 35
(3) 44 (4) 57 (4)

**व्याख्या–** वर्तमान में राजस्थान में 57 पुलिस जिले है, इसके अलावा 2 जीआरपी जिले है।

14. वर्तमान में राजस्थान पुलिस के महानिदेशक (D.G.P) कौन है?
(1) मोहनलाल लाठर (2) भूपेन्द्र यादव
(3) उत्कल रंजन (4) दिनेश एम.एन. (3)

15. निम्न में से कौनसा एक कार्य जिलाधीश द्वारा मजिस्ट्रेट के रूप में किए गए कार्यों में शामिल नहीं है?
(1) दावा रहित संपत्ति को निस्तारित करने का आदेश देना
(2) कोषागार एवं उपकोषागार का पर्यवेक्षण
(3) स्थानीय निकायों पर नियंत्रण और पर्यवेक्षण करना।
(4) कारागारों का निरीक्षण करना। (2)

16. निम्न में से राजस्थान के किन जिलों में पुलिस कमिश्नरेट प्रणाली लागू की गई है?
(1) जयपुर, अजमेर (2) उदयपुर, जयपुर
(3) जोधपुर, जयपुर (4) जोधपुर, कोटा (3)

17. जिला स्तर पर कानून–व्यवस्था बनाये रखने का दायित्व है?
(1) जिलाधीश का (2) उपखण्ड अधिकारी का
(3) अतिरिक्त जिलाधीश का (4) पुलिस अधीक्षक का (1)

18. सरकार की आँख, कान तथा बाँहों की भांति जिले में कौन कार्य करता है?
(1) जिलाधीश (2) संभागीय आयुक्त
(3) जिला पुलिस अधीक्षक (4) उपर्युक्त में से कोई नहीं (1)

19. किस अधिकारी के रूप में सभी विकास कार्यक्रमों के सफल क्रियान्वयन की जिम्मेदारी जिलाधीश की है?
(1) विकास अधिकारी के रूप में
(2) संकटकालीन प्रशासक के रूप में
(3) जिला मजिस्ट्रेट के रूप में
(4) इनमें से कोई नहीं (1)

20. अधोलिखित में से कौनसा कार्य जिलाधीश का नहीं है?
(1) राजस्व का एकत्रीकरण
(2) भू–दस्तावेजों का रख–रखाव
(3) आयकर का एकत्रीकरण
(4) कानून व्यवस्था का रख–रखाव (3)

Lead, Read and Achieve
DP
Dhindhwal Publication

## राजस्थान की सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए सर्वश्रेष्ठ पुस्तकें –










टेलीग्राम से जुड़ने के लिए

@DHINDHWAL2023GK

– Dhindhwal Publication

– धींधवाल पब्लिकेशन

– Dhindhwal Classes

– @Publication-DP

– Dhindhwal Publication

धींधवाल पब्लिकेशन की उपरोक्त पुस्तकें राजस्थान के सभी शहरों में प्रमुख बुक स्टोर पर उपलब्ध है। ऑनलाईन ऑर्डर कर घर बैठे मंगवाने के ल्पिए मोबाईल नंबर 7725969600 (कानाराम जी) पर फोन या वाट्सअप मैसेज करें।